बरेली, सोमवार
3 अप्रैल, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

Page No. 04 : Middle

टी-20 में आईके कलेक्शंस और यार्डर्स ने दर्ज की जीत

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन रविवार को आईके कलेक्शंस, अल्मा मातेर और 22 यार्डर्स व ओएसिस के बीच मैच हुए। पहले मैच में आईके कलेक्शंस ने अल्मा मातेर को 107 रन से और दूसरे मुकाबले में 22 यार्डर्स ने ओएसिस टाउन क्लब को छह विकेट से हराया।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे टूर्नामेंट में रविवार को पहला मैच आईके कलेक्शंस व अल्मा मातेर के बीच हुआ। पहले खेलते हुए आईके कलेक्शंस ने तीन विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। इसमें आकाश ने 75 रन और प्रकाश ने नाबाद 77 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मामातेर की टीम महज 88 रन पर आलआउट हो गई। दूसरा मैच 22 यार्डर्स और ओएसिस टाउन क्लब के बीच हुआ। ओएसिस की टीम ने पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए। जवाब में 22 यार्डर्स ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 22 यार्डर्स के रिजवान ने 49 गेंदों पर ताबड़तोड़ 65 बनाकर टीम को जीत दिलाई।

Page No. 05 : Top

टूर्नामेंट : श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी टूर्नामेंट सुबह नौ बजे।